

हिंदी दैनिक खबर

हर पल, हमारी खबर

# केशववाणी

शनिवार 30 मई 2026 बर्ष 02 अंक 142 पृष्ठ 4 www.keshavtv24.com Email:keshavtvbihar@gmail.com


**अनमोल वचन**

*अपनी जिन्दगी के 5 साल अपने सपनों को दे दो आपकी कामयाबी आने वाले 50 सालों तक आपका नाम लेती रहेगी..!!*

# स्वास्थ्य और विकास कार्यों में नालंदा बना मिसाल

## संस्थागत प्रसव में 82 प्रतिशत उपलब्धि के साथ बिहार में अव्वल : उपमुख्यमंत्री विजय कुमार चौधरी

**केशववाणी शंकर कुमार की रिपोर्ट बिहारशरीफ(नालंदा)।** नालंदा जिले में विकास कार्यों की रफ्तार संतोषजनक है। खासकर स्वास्थ्य क्षेत्र में जिले ने उत्कृष्ट प्रदर्शन करते हुए पूरे बिहार में मिसाल कायम की है। संस्थागत प्रसव (अस्पताल में डिलीवरी) के मामले में नालंदा 82 प्रतिशत उपलब्धि के साथ राज्य में पहले स्थान पर पहुंच गया है। यह बातें शुक्रवार को कलेक्ट्रेट स्थित हरदेव भवन में आयोजित 'जिला कार्यक्रम कार्यान्वयन समिति' की बैठक के बाद सूबे के उपमुख्यमंत्री सह जिले के प्रभारी मंत्री विजय कुमार चौधरी ने प्रेस वार्ता के दौरान कही। उन्होंने जिले में हो रहे नवाचारों की सराहना करते हुए कहा कि अब अस्पतालों के प्रवेश द्वार पर बड़े डिस्प्ले बोर्ड लगाए जाएंगे। इन बोर्डों पर यह जानक. ारी उपलब्ध रहेगी कि किस दिन और किस समय किस डॉक्टर की ड्यूटी निर्धारित है। इससे मरीजों और उनके परिजनों को यह जानने में आसानी होगी कि संबंधित डॉक्टर ड्यूटी पर मौजूद हैं या नहीं। डिप्टी सीएम ने स्पष्ट कहा कि यदि कोई चिकित्सक बिना पूर्व अनुमति या उचित कारण के ड्यूटी से अनुप. स्थित पाया जाता है, तो उसके विरुद्ध सख्त कार्रवाई की जाएगी। उन्होंने उत्कृष्ट कार्य के लिए जिलाधिकारी तथा स्वास्थ्य विभाग की पूरी टीम को बधाई भी दी। बैठक के दौरान बाढ़ एवं सुखाड़ की संभावित स्थिति की भी विस्तृत समीक्षा की गई। प्रभारी मंत्री ने कहा कि प्री–मानसून की अच्छी बारिश किसानों के लिए लाभकारी साबित होगी और धान का बिचड़ा तैयार करने में मदद मिलेगी। उन्होंने कहा कि अगेती खेती किसानों के लिए हमेशा फायदेमंद रहती है। उन्होंने कहा कि जलवायु परिवर्तन के कारण मौसम का पूर्वानुमान लगाना कठिन हो गया है, बावजूद इसके सरकार को उम्मीद है कि इस वर्ष अच्छी वर्षा होगी और किसानों की पैदावार बेहतर होगी। बीज आवंटन के सवाल पर उन्होंने भरोसा दिलाया कि निगम के माध्यम से जल्द ही जिले में बीज उपलब्ध करा दिए जाएंगे। प्रेस वार्ता के दौरान पावापुरी अस्पताल में एक्स–रे और अल्ट्रासाउंड सुविधा




नहीं होने तथा इलाज के अभाव में युवक की मौत का मामला भी उठाया गया। इस पर प्रभारी मंत्री ने तुरंत संज्ञान लेते हुए कहा कि अस्पताल की कमियों की जांच कर जल्द आवश्यक व्यवस्था सुनिश्चित की जाएगी। इसके अलावा बैठक में जनप्रतिनिधियों ने खराब चापाकल, बिजली आपूर्ति की समस्या तथा जर्जर पुल–पुलियों का मुद्दा भी उठाया। इस पर संबंधित अधिकारियों को समस्याओं के शीघ्र समाधान का निर्देश दिया गया। जिला कार्यक्रम कार्यान्वयन समिति की बैठक के बाद उपमुख्यमंत्री ने नवगठित 'जिला नागरिक परिषद' की बैठक भी की। उन्होंने कहा कि मिडिल ईस्ट समेत विभिन्न क्षेत्रों में जारी युद्ध का असर देश की अर्थव्यवस्था पर भी पड़ रहा है। ऐसे समय में प्रधानमंत्री द्वारा आम नागरिकों से देशहित में कार्य करने की अपील को गांव–गांव तक पहुंचाना आवश्यक है। उन्होंने कहा कि परिषद के सदस्य लोगों को उनके नागरिक दायित्वों और राष्ट्रभक्ति के प्रति जागरूक करने का कार्य करेंगे। बैठक में जिले के कई विधायक, विधान पार्षद और मनोनीत सदस्य मौजूद रहे।



# शहीद जवानों की कुर्बानी को कभी भुलाया नहीं जा सकता:– मंत्री श्रवण कुमार



**केशववाणी शंकर कुमार की रिपोर्ट एकंगरसराय(नालंदा)।** नालंदा जिले के एकंगरसराय के महुआबाग गांव निवासी सीआरपीएफ जवान मनीष कुमार का मणिपुर के एक अस्पताल में निधन हो जाने के पश्चात उनके पैतृक गांव पहुंच कर बिहार सरकार के ग्रामीण विकास एवं सूचना जन. संपर्क मंत्री श्रवण कुमार ने परिजनों से मिलकर ढांढस बंधाया सांत्वना दी धैर्य और हिम्मत से काम लेने की बात कही।विदित हो शहीद जवान लंबे समय से ब्रेन ट्यूमर से जूझ रहे थे। मंत्री ने कहा कि वे देश सेवा में 24 साल समर्पित करने वाले इस वीर जवान के निधन से पूरा देश मर्माहत गमगीन है।परिजन आश्रित मां पिता से कहा कि आपके बेटे ने देश के लिए सर्वोच्च बलिदान दिया है। यह ऋण हम कभी नहीं चुका सकते, लेकिन पूरा देश और सरकार आपके साथ खड़ी है। मंत्री ने कहा कि शहीद का बलिदान व्यर्थ नहीं जाएगा। सरकार परि. जनों की हर संभव मदद करेगी आने वाली पीढ़ियां उनकी वीरता से प्रेरणा ले सकें। वीर सैनिक मरते नहीं, वे अमर हो जाते हैं। आपके बेटे का नाम भारत के इतिहास में स्वर्ण अक्षरों में लिखा जाएगा। उन्होंने कहा कि राज्य सरकार शहीद परिवारों के सम्मान, सुरक्षा और कल्याण के लिए पूरी संवेदनशीलता के साथ कार्य कर रही है। शहीद राष्ट्र की अनमोल धरोहर होते हैं, जिनका बलिदान कभी भुलाया नहीं जा सकता।बिहार वीरों की भूमि है और यहां के नौजवान बचपन से ही शौर्य गाथाएं सुनकर बड़े होते हैं। वे देश की सेवा के लिए सदैव तत्पर रहते हैं और आवश्यकता पड़ने पर सर्वोच्च बलिदान देने से भी पीछे नहीं हटते। उन्होंने कहा कि शहादत और बलिदान से बड़ा कोई सम्मान नहीं होता। यह वीर भूमि की वही परंपरा है, जिसे शहीद मनीष कुमार ने निभाया है। उनकी शहादत पर पूरे प्रदेश को हमेशा गर्व रहेगा। वीर जवानों को भी नमन किया और उनके बलिदान को राष्ट्र के लिए अमूल्य बताया। उन्होंने कहा कि देश की सुरक्षा के लिए अपने प्राण न्योछावर करने वाले सैनिकों का कर्ज कोई भी नहीं उतार सकता इस दुख की घड़ी में सरकार और प्रशासन पूरी मजबूती से शहीद परिवार के साथ खड़े हैं। उन्होंने परिजनों को हर संभव मदद का भरोसा दिया। इस अवसर पर जदयू नेता सर्वेश प्र ई राजन कुमार सुभाष प्र सिन्हा नगर अध्यक्ष राकेश कुमार युवा जदयू अध्यक्ष धीरज पटेल बृजनंदन प्र अनिल कुमार पूनम कुशवाहा सुनीता यादव चुन्नू महतो अमरेन्द्र कुमार हरेश कुमार आदित्य कुमार रजनीश कुमार कौशल यादव मुखिया सुनील कुमार अभिषेक,रिशू सहित कई कार्यकर्ता उपस्थित रहे।

# बिहार में खेल के विकास के लिए IIT चेन्नई और बिहार राज्य खेल प्राधिकरण के बीच जल्द होगा समझौता

**केशववाणी शंकर कुमार की रिपोर्ट पटना।** बिहार में खेल के विकास के लिए IIT चेन्नई और बिहार राज्य खेल प्राधिकरण के बीच जल्द ही समझौता ज्ञापन पर हस्ताक्षर किया जाएगा। इस बात की जानकारी देते हुए बिहार राज्य खेल प्राधिकरण के महानिदेशक सह मुख्य कार्यकारी अधिकारी श्री रवीन्द्रण शंकरण ने बताया कि आज आईआईटी चेन्नई में डॉ. महेश एवं डॉ. बापजी श्रीनिवासन से विस्तृत चर्चा हुई। इस दौरान आईआईटी मद्रास के रिसर्च पार्क, विभिन्न विभाग, विभिन्न रिसर्च लैब एवं इंक्यूबेशन सेंटर का दौरा किया गया, जहाँ खेल एवं स्पोर्ट्स टेक्नोलॉजी से जुड़े विभिन्न स्टार्टअप्स के कार्यों को करीब से समझने का अवसर मिला। विशेष रूप से डिफरेंटली एबल्ड खिलाड़ियों के लिए विकसित की जा रही मल्टी–स्पोर्ट व्हीलचेयर तकनीक का प्रदर्शन किया गया। यह व्हीलचेयर सीढ़ियां चढ़ने–उतरने, विभिन्न प्रकार के मैदानों एवं कठिन परिस्थितियों में उपयोग के लिए डिजाइन की गई है। इसका निर्माण एवं प्रारंभिक स्तर पर मैन्युफैक्चरिंग भी आईआईटी मद्रास के रिसर्च पार्क में किया जा रहा है। स्वयं इस व्हीलचेयर का उपयोग कर इसकी कार्यक्षमता का अनुभव भी लिया गया। बैठक के दौरान बिहार राज्य खेल प्राधिकरण एवं आईआईटी मद्रास के बीच संभावित एमओयू को लेकर सकारात्मक चर्चा हुई।




इस सहयोग के माध्यम से चयनित खेलों में परफॉर्मेंस एनालिसिस, इंजरी मैनेजमेंट, इंजरी रिकवरी, टैलेंट स्काउटिंग, डेटा एनालिटिक्स एवं अन्य एडवांस स्पोर्ट्स टेक्नोलॉजी का उपयोग खिलाड़ियों के विकास हेतु किया जाएगा। ग्रासरूट स्तर पर उभरते खिलाड़ियों के लिए बेसिक टेक्नोलॉजी तथा राष्ट्रीय एवं अंतरराष्ट्रीय स्तर के खिलाड़ियों के लिए एडवांस्ड टेक्नोलॉजी का उपयोग करने की दिशा में भी कार्य किया जाएगा, ताकि खिलाड़ियों के प्रदर्शन को बेहतर बनाया जा सके और चोटों से बचाव में सहायता मिल सके। इसके अतिरिक्त व्हीलचेयर बास्केटबॉल, पैरा एथलीट्स एवं ऑटिज्म से जुड़े खिलाड़ियों के लिए तकनीकी सहायता और स्पोर्ट्स साइंस आधारित सहयोग पर भी विस्तार से चर्चा हुई। यह पहल बिहार में आधुनिक खेल तकनीक को बढ़ावा देने एवं खिलाड़ियों को बेहतर सुविधाएं उपलब्ध कराने की दिशा में महत्वपूर्ण कदम साबित होगी।




# तेज आंधी के साथ बारिश ने मेला सहित शहर की बिगाड़ी सूरत कई घंटे शहर में रही बिजली बाधित, लोगों को हुई परेशानी

**केशववाणी अनुमंडल संवाददाता, राजगीर। राजीव लोचन की रिपोर्ट राजगीर (नालंदा)।** पर्यटक नगरी में शुक्रवार की सुबह अचानक मौसम ने करवट ली। देखते ही देखते आसमान में काले बादल मंडराने लगे और जोरदार हवा के साथ बारिश शुरू हो गयी। बारिश ने जहां लोगों को ठंड का अहसार दिलाया और गर्मी से राहत दी वहीं शहर के कई जगहों पर पेड़ की टहनियों के गिरने से शहर की घंटों तक बिजली प्रभावित हो गयी। दूसरी ओर तेज हवा एवं बारिश ने मेला क्षेत्र की रौनक को बदल दिया। मेला में लगाये गये तोरण द्वार टूट गये तो कई के पंडाल उड़ गये। वहीं ब्रह्मकुंड के गेट के पास पानी जमा हो गया। इसके अलावा रेलवे स्टेशन सहित अन्य ठहरने के पंडाल के पास भी पानी जमा हो गया। इतना ही नहीं शहर के कई मोहल्ले की गलियां मानो तालाब का रूप ले लिया हो। शहर में सुबह से जो बिजली गुल हुई जो दोपहर बाद 3:30 बजे आयी। इस दौरान लोगों को पानी से लेकर अन्य काम के लिए भारी परेशानी का सामना करना पड़ा। मेला में बनाये गये राम मंदिर का भी कपड़ा भी फट गया। कुछ छोटे दुकान का तिरपाल फट गया। बारिश होने से वैतरणी नदी व सरस्वती नदी में पानी में भी बढ़ोत्तरी हो गयी। पानी बढ़ने से गंदा हो गया। इससे लोगों को गंदा पानी में ही स्नान करना पड़ा। वहीं तेज पानी से आरडीएच हा. ईस्कूल परिसर में भी पानी जमा हो गया।





**झूल रह रहा खाली**

मेला में इस बार कुछ घटनाएं हो जाने से झूला के व्यवसाय पर खासा असर पड़ा है। मेला का आधा समय बीतने को है। इसके बाद भी अब तक मेला में वैसी चहल–पहल नहीं आयी है। लोगों का मानना है कि एक तो मंहगाई और दूसरा झूला में कुछ घटनाएं हुई जिसका भी असर है। इस कारण झूला संचालकों में मायूसी देखने को मिल रही है। लोग झूला पर चढ़ने से डरने लगे हैं। मेला घुमने आये युवक शंभू कुमार ने बताया कि वे पहले झूला पर बैठने में डर नहीं लगता था। लेकिन घटनाओं से अब डर सा लगने लगा है। सुनामी झूला के इस घटना में पूरे मेला में झूला संचालकों के बीच सुनामी ला दिया है।





# पुनहा से दादा के श्राद्धकर्म के बाद शुद्धिकरण के लिए बाढ़ गई पोती गंगा स्नान के दौरान डूबी, हुई मौत




**केशववाणी राकेश कुमार की रिपोर्ट रहुई (नालंदा)।** रहुई थाना क्षेत्र के पुनहा गांव से बाढ़ स्थित उमानाथ गंगा घाट श्राद्धकर्म के बाद शुद्धिकरण स्नान के लिए परिवार के 20 से 25 लोग गए थे। जहां गंगा स्नान के दौरान तीन युवतियां गंगा नदी में डूबने लगी। स्थानीय ला. `गों ने तत्परता दिखाते हुए 2 युवतियों को सुरक्षित बचा लिए जबकि एक युवती गंगा स्नान के दौरान डूब गई। गोताखोर द्वारा डूबे हुए लड़की को पता लगाया। जहां करीब एक घंटे तक काफी खोजबीन के बाद शव को बरामद कर लिया गया। घटना के बाद परिवार में अचानक चीख–पुकार मच गई। मृतक युवती की पहचान रहुई थाना क्षेत्र के पुनहा गांव निवासी सीताराम चौधरी के 18 वर्षीय पुत्री काजल कुमारी के रूप में हुई है। बताया जाता है कि पुनहा गांव से लगभग 20 से 25 लोग दादा के श्राद्धकर्म के बाद शुद्धिकरण स्नान के लिए उमानाथ गंगा घाट पहुंचे थे। इसी दौरान काजल कुमारी समेत तीन युवतियां स्नान करने के लिए गंगा में उतरीं। स्नान के दौरान तीनों गहरे पानी में चली गईं और डूबने लगीं। घाट पर मौजूद लोगों ने तत्परता दिखाते हुए दो युवतियों को किसी तरह सुरक्षित बाहर निकाल लिया, लेकिन काजल कुमारी पानी में डूब गई और तेज धारा रहने के कारण लापता हो गई जिसे करीब एक घंटे बाद युवती के शव को बरामद कर लिया गया। घटना के बाद घाट पर अफरा–तफरी का माहौल बन गया। परि. जनों का रो–रोकर बुरा हाल है। काजल के पिता सीताराम चौधरी ने बताया कि तीनों युवतियां एक साथ स्नान कर रही थीं। अचानक संतुलन बिगड़ने से वे गहरे पानी में चली गईं। दो को बचा लिया गया, लेकिन काजल को नहीं बचाया जा सका। परिजन के बीच कोहराम मचा हुआ है।

# राष्ट्रवाद और आत्मनिर्भरता के प्रतीक थे वीर सावरकर : डॉ. सुनील कुमार

**केशववाणी शंकर कुमार की रिपोर्ट बिहारशरीफ(नालंदा)।** स्वतंत्रता सेनानी विनायक दामोदर सावरकर के 143वीं जयंती पर बिहार शरीफ विधानसभा के विधायक डा सुनील कुमार ने एक प्रेस विज्ञप्ति जारी कर उन्हें स्मरण करते हुए कहा कि वीर सावरकर स्वतंत्रता सेनानी ही नहीं थे, बल्कि वे दूरदर्शी राष्ट्र निर्माता भी थे। उन्होंने भारत को एक शक्तिशाली, संगठित और आत्मविश्वासी राष्ट्र के रूप में देखने का सपना देखा था। उनका मानना था कि कोई भी राष्ट्र तभी महान बन सकता है जब उसके नागरिक राष्ट्रहित को सर्वोपरि मानें, समाज में एकता हो, विज्ञान और तकनीक को बढ़ावा मिले तथा देश आत्मनिर्भर बने। उनके विचारों का प्रभाव समय–समय पर अनेक राष्ट्रीय नेताओं पर पड़ा। विशेष रूप से पूर्व प्रधानमंत्री अटल बिहारी वाजपेयी तथा वर्तमान प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी जी ने राष्ट्रहित के मार्ग में वीर सावरकर के अनेक सिद्धांतों को अपनाते हुए भारत को आत्मनिर्भर, समृद्ध और शक्तिशाली बनाने की दिशा में महत्वपूर्ण योगदान दिया। माननीय प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी जी ने वीर सावरकर के राष्ट्र निर्माण संबंधी विचारों को आधुनिक भारत के निर्माण में व्यापक रूप से लागू करने का प्रयास किया है। प्रधानमंत्री मोदी जी का आत्मनिर्भर भारत अभियान वीर सावरकर की आत्मनिर्भरता की सोच को आगे बढ़ाने वाला महत्वपूर्ण कदम माना जाता है। वीर सावरकर चाहते थे कि भारत आर्थिक, सैन्य और तकनीकी रूप से इतना मजबूत बने कि उसे किसी विदेशी शक्ति पर निर्भर न रहना पड़े। मोदी जी ने मेक इन इंडिया, स्टार्ट अप इंडिया डिजिटल इंडिया और वोकल फॉर लोकल जैसी योजनाओं के माध्यम से देश के उद्योग और युवाओं को नई दिशा प्रदान की। माननीय प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी जी ने रक्षा के क्षेत्र में भी आत्मनिर्भरता पर विशेष बल



दिया। आज भारत में स्वदेशी हथियार, मिसाइल, युद्धपोत और रक्षा उपकरणों का निर्माण बढ़ा है। मेक इन इंडिया के अंतर्गत रक्षा उत्पादन को प्रोत्साहन देकर भारत को रक्षा क्षेत्र में मजबूत बनाने का प्रयास किया गया। यह वही विचार है जिसे वीर सावरकर ने वर्षों पहले राष्ट्र की सुरक्षा के लिए आवश्यक बताया था। वीर सावरकर भारतीय संस्कृति और राष्ट्रीय गौरव के समर्थक थे। माननीय प्रधानमंत्री जी ने भी भारत की सांस्कृतिक विरासत के वैश्विक मंच पर नई पहचान दिलाने का कार्य किया है। अंतरराष्ट्रीय योग दिवस की मान्यता, काशी विश्वनाथ धाम का विकास, अयोध्या में श्री राम मंदिर निर्माण तथा भारतीय परंपरा को विश्व मंच पर सम्मान दिलाना, भारत की सांस्कृतिक शक्ति को मजबूत करने वाला कदम है। इससे देशवासियों में आत्मगौरव और राष्ट्रीय चेतना का विस्तार हुआ है। विदेश नीति के क्षेत्र में भी माननीय प्रधानमंत्री जी ने भारत की प्रतिष्ठा को मजबूत किया है। आज विश्व मंच पर भारत की आवाज को गंभीरता से सुना जाता है। भारत ने 1998 में पोखरण में परमाणु परीक्षण, कश्मीर, लद्दाख, रक्षा और कूटनीति जैसे मुद्दों पर आगे बढ़ रहा है। वीर सावरकर एक ऐसे भारत का सपना देखते थे जो आत्मविश्वास से विश्व के सामने खड़ा हो। वर्तमान समय में भारत की बढ़ती आबादी, राष्ट्रीय एकता और देश को साकार करने की दिशा में महत्वपूर्ण कदम हैं। माननीय प्रधानमंत्री जी ने राष्ट्रहित को सर्वोच्च प्राथमिकता देते हुए भारत को मजबूत बनाने का प्रयास किया। उन्होंने लोकतंत्र, विकास, राष्ट्रीय सुरक्षा और सांस्कृतिक गौरव को एक साथ आगे बढ़ाया। वीर सावरकर के विचारों में राष्ट्रप्रेम, आत्मसम्मान, राष्ट्र और संगठन की भावना समावेश थी। इन मूल्यों को अपनाकर भारत ने नई ऊंचाइयों को प्राप्त किया है। आज भारत विश्व की कई अर्थव्यवस्था में शामिल हो रहा है, विज्ञान, अंतरिक्ष, डिजिटल तकनीक, सेना शक्ति और आधारभूत संरचना के क्षेत्र में भारत विश्व पटल पर खड़ा है। यह पि. रवर्तन केवल आर्थिक नहीं बल्कि राष्ट्रीय आत्म. विश्वास का प्रतीक है। वीर सावरकर के आत्मनिभ. र भारत का सपना आज धीरे–धीरे वास्तविक बनता दिखाई दे रहा है। अंत में यह कहा जा सकता है कि वीर सावरकर के राष्ट्रवादी विचारों और सिद्धांतों ने भारत की राजनीति और राष्ट्र निर्माण की धारा को गहराई से प्रभावित किया। पूर्व प्रधानमंत्री अटल बिहारी वाजपेयी जी ने भारत को परमाणु शक्ति और विकासशील राष्ट्र के रूप में नई दिशा दी, जबकि माननीय प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी जी ने आत्मनिर्भरता, सांस्कृतिक गौरव और वैश्विक मंच पर भी भारत को आगे बढ़ाया। दोनों नेताओं ने राष्ट्रहित को सर्वोपरि रखते हुए भारत को समृद्ध, आत्मनिर्भर और शक्तिशाली बनाने में महत्वपूर्ण योगदान दिया। जब वीर सावरकर के सपनों के भारत की ओर बढ़ता हुआ सशक्त कदम है।



अपने क्षेत्र के खबर भेजने या
विज्ञापन देने के लिए संपर्क करें
7033325120,9931609015

# क्रीड़ा भारती द्वारा नालंदा जिला के तेल्हाड़ा में भव्य कबड्डी प्रतियोगिता का आयोजन

**केशववाणी शंकर कुमार की रिपोर्ट तेल्हाड़ा (नालंदा)।** केंद्रीय योजना के अंतर्गत आज अपने दक्षिण बिहार प्रांत के नालंदा जिला में खेल कबड्डी खेल स्पर्धा —–2026 का भव्य तरीके से उद्‌घाटन समारोह का आयोजन हुआ। 29 एवं 30 मई को दो दिवसीय कबड्डी प्रतियोगिता का उद्‌घाटन माननीय कला एवं संस्कृति मंत्री श्रीमान् प्रमोद चंद्रवंशी जी के कर कमलों से दीप प्रज्वलन एवं आराध्य देव श्री हनुमान जी एवं मां भारती के तैलीय चित्र पर पुष्प अर्पित कर किया गया। विशिष्ट अतिथि के रूप में क्रीड़ा भारती प्रदेश अध्यक्ष श्रीमान् राजेश्वर राज जी,प्रांत अध्यक्ष श्रीमान् रविरंजन जी, नालंदा विभाग के मा० विभाग प्रचारक श्रीमान् इन्द्रनारायण जी, भाजपा के नालंदा जिला अध्यक्ष श्रीमान् राजेश जी की उपस्थिति रही।साथ ही क्रीड़ा भारती प्रांत मंत्री डॉ रमेश कुमार,प्रांत आई टी प्रमुख सह कबड्डी संयोजक श्रीमान् सुमन जी, नालंदा विभाग संयोजक श्रीमान् कार्यानंद जी, पटना महानगर अध्यक्ष श्रीमान् अंजनी जी,प्रांत संपर्क प्रमुख श्रीमान् दिनेश जी, नालंदा जिलाध्यक्ष श्रीमान् मनीष जी सहित दर्जनों गणमान्य लोगों की उप. स्थिति रही। उद्‌घाटन के पश्चात् सुमन द्वारा क्रीड़ा खेल गीत की प्रस्तुति दी गयी। मा० उद्‌घाटन कर्ता एवं विशिष्ट अतिथियों को अंगवस्त्र एवं मोमेंटो देकर जिलाध्यक्ष मनीष जी द्वारा सम्मानित किया गया।उपस्थित अन्य गणमान्य लोगों को भी कार्यानंद जी द्वारा अंगवस्त्र से सम्मानित किया गया। उद्‌घाटन कर्ता मा० मंत्री जी ने समाज एवं राष्ट्र के उत्थान के लिए खेल के महत्व पर प्रकाश डाला। उन्होंने कहा कि सरकारी स्तर पर तो खेल एवं खिलाड़ियों को बढ़ावा देने का कार्य किया ही जा रहा है। फिट इंडिया मूवमेंट इसका उदाहरण है।आज अंतरराष्ट्रीय स्तर पर भारत के खिलाड़ी अपने देश का नाम रोशन कर रहे हैं।परंतु क्रीड़ा भारती द्वारा खेल को बढ़ावा देने एवं खेल के माध्यम से स्वास्थ्य के प्रति जागरूकता कार्यक्रम समाज हित एवं राष्ट्र हित मे है, प्रशंसनीय है। मंच संचालन करते हुए प्रांत मंत्री ने कहा कि अखिल भारतीय स्तर पर देश के प्रत्येक प्रांत के सभी जिलों में क्रीड़ा भारती द्वारा जिला स्तरीय कबड्डी प्रतियोगिता का आयोजन किया जा रहा है।हर उम्र के लोग अपने पारंपरिक खेल कबड्डी से जुड़ें एवं जागरूक हों,यह भी क्रीड़ा भारती का लक्ष्य है। प्रदेश अध्यक्ष श्रीमान् राजेश्वर राज जी ने कहा कि क्रीड़ा भारती समस्त भारतवासियों के लिए कार्य करती है।



चाहे उनकी उम्र कुछ भी हो। स्वस्थ भारत समर्थ भारत– क्रीड़ा भारती का लक्ष्य है।प्रांत अध्यक्ष श्रीमान् रविरंजन जी ने कहा कि राष्ट्रव्यापी खेल संगठन क्रीड़ा भारती का उद्देश्य खेल के माध्यम से चरित्र निर्माण एवं चरित्र से राष्ट्र भक्ति का निर्माण है। जिलाध्यक्ष श्रीमान् मनीष जी ने कहा कि नालंदा जिला के इस तेल्हाड़ा खेल मैदान जहां कबड्डी प्रतियोगिता आयोजित हो रही है,उसका विशेष महत्व है। खुदाई में मिले अवशेषों से ज्ञात होता है कि यहां नालंदा एवं तक्षशिला विश्वविद्यालय के समकक्ष कोई विश्वविद्यालय रहा होगा। राष्ट्र की मजबूती के लिए शिक्षा एवं खेल दोनों ही आवश्यक है। उन्हा. ने कहा कि क्रीड़ा भारती के माध्यम से समाज एवं राष्ट्र हित में पूरी ऊर्जा के साथ काम करते रहेंगे। कबड्डी खेल मैदान में रिबन काटकर एवं नारियल तोड़कर अतिथियों द्वारा खेल का उद्‌घाटन किया गया। अलग–अलग बालक–बालिकाओं के टीम के खिलाड़ियों से परिचय प्राप्त करते हुए उनका हौसला अफजाई किया गया। खिलाड़ियों ने शानदार प्रदर्शन किया।दो दिनों तक चलने वाले इस प्रतियोगिता का वैसे समापन समारोह 30 मई को होने वाला है। परंतु आज प्रातः प्रतिकूल मौसम (आंधी–तूफान एवं वर्षा) के कारण थोड़ा व्यवधान रहा। इसलिए एक दिन बढ़ भी सकता है।24 से 30 टीमों का खेल होना है। टीमें बढ़ भी सकती हैं। रेफरी राष्ट्रीय कबड्डी खिलाड़ी कुणाल बनर्जी एवं कोच सह रेफरी सन्नी जी का अच्छा योगदान रहा। डॉ रामचंद्र, डॉ पंकज,एस एच ओ अजीत कुमार, प्रधानाचार्य पुरूषोत्तम चंद्र जी का भी सहयोग रहा। प्रतिकूल मौसम के बावजूद गणमान्य लोगों की उपस्थिति एवं खिलाड़ियों में जोश और उत्साह,कोच– रेफरी द्वारा अनुशासित तरीके से कराया जा रहा खेल संचालन इस प्रतियोगिता आयोजन की सफलता का बड़ा संकेत है।





# हरनौत प्रखंड क्षेत्र में मौसम ने ली करवट, तेज आंधी के साथ हुई झमाझम बारिश, गर्मी से मिली लोगों को राहत

**केशववाणी राकेश कुमार की रिपोर्ट हरनौत (नालंदा)।** हरनौत प्रखंड क्षेत्र में शुक्रवार की सुबह लगभग 9 से शुरू हुई तेज आंधी के साथ झमाझम बारिश से मौसम का मिजाज पूरी तरह से बदल गया। जिससे कई दिनों से पड़ रहे उमस भरी गर्मी से लोगों को काफी राहत मिली है। सुबह से ही आसमान में काले बादल छा गए। और देखते ही देखते हवा के साथ बूंदाबांदी शुरू हो गई।आमतौर पर जिस समय तेज धूप और गर्मी महसूस होती थी उस समय प्रखंड क्षेत्र में अंधेरा छा गया। फिर तेज बारिश से शुरू हो गई। काले बादलों की वजह से प्रखंड क्षेत्र से गुजरे नेशनल हाईवे 20 और 30 । पर सुबह में गाड़ियों की लाइट जलाकर लोग सफर करते दिखे। लगभग दो घंटे तक हुई झमाझम बारिश से ला. गों को घरों में रहने पर मजबूर कर दिया। हालांकि मौसम विभाग के द्वारा पूर्व में ही भारी बारिश और तेज आंधी एवं ब्रजपात को लेकर रेड अलर्ट जारी किया था। मौसम विभाग के अनुसार प्रखंड क्षेत्र में अगले दो–तीन दिन तक तेज हवा के साथ लगातार बारिश हो सकती है लोगों को खराब मौसम के दौरान सतर्क रहने और जरूर नहीं होने पर घरों से बाहर नहीं निकलने की सलाह दी गई है। शुक्रवार की सुबह हुई इस बारिश से प्रखंड क्षेत्र के किसानों के चेहरे पर मुस्कान लौट आई है। किसानों का मानना है कि यह बारिश खेतों में नमी बढ़ने में काफी मददगार साबित होगा।

# दिन में छाया अंधेरा, आंधी–पानी से सहमा बिहारशरीफ

**केशववाणी प्रेम सिंघानिया की रिपोर्ट बिहारशरीफ(नालंदा)।** शुक्रवार को अचानक बदले मौसम ने बिहारशरीफ शहर को अंधेरे में डुबो दिया। तेज आंधी और बारिश के साथ ऐसा माहौल बना कि दिन में ही रात जैसा नजारा देखने को मिला। शहर की गलियां अंधेरे में डूब गई और लोगों में भय का माहौल बन गया। मौसम खराब होने के कारण कई स्कूलों में छात्र–छात्राओं की छुट्टी करनी पड़ी। तेज हवा और बारिश से लोग सुरक्षित स्थानों की ओर भागते नजर आए। वहीं बुजुर्गों का कहना था कि बिहारशरीफ में उन्होंने ऐसा मौसम पहले कभी नहीं देखा। स्थानीय लोगों ने बताया कि अचानक छाए घने काले बादल और तेज आंधी ने लोगों को डरा दिया। कई इलाकों में बिजली आपूर्ति भी प्रभावित रही। लोगों का कहना है कि यह सामान्य मौसम नहीं बल्कि खतरे का संकेत जैसा महसूस हो रहा है। मौसम के इस बदले रूप को लेकर प्रशासन भी सतर्क नजर आया। लोगों से खराब मौसम के दौरान घरों में सुरक्षित रहने और सतर्कता बरतने की अपील की गई है।

# कोचिंग करने जा रहे साइकिल पर सवार एक छात्र को पिकअप वाहन ने कुचला, छात्र की हुई मौत



**केशववाणी राकेश कुमार की रिपोर्ट रहुइ (नालंदा)।** नालंदा जिले कें रहुई थाना क्षेत्र में तेज रफ्तार पिकअप ने साइकिल में टक्कर मार दी। टक्कर इतनी जोरदार थी कि साइकिल सवार दो चचेरे भाई सड़क पर गिर पड़े। जिसमें से एक की मौके पर ही मौत हो गई, दूसरा चोट लगने से घायल हो गया। मृतक की पहचान रहूई थाना क्षेत्र के मई फरीदा गांव के निवासी मुन्ना पंडित के 16 वर्षीय पुत्र दीपक कुमार के रूप में की गई है। वही घायल सोनू का इलाज चल रहा है। दोनों 12वीं में पढ़ते थे। सुबह साइकिल से कोचिंग के लिए घर से निकले थे। हादसे के बाद घटनास्थल पर लोगों की भीड़ जुट गई। तुरंत रहुई और भागन पुलिस को सूचना दी गई। मौके से भाग रहे पिकअप ड्राइवर को पुलिस ने भागन बिगहा चौराहे के पास पकड़ लिया। घटना बिहटा–सरमेरा मुख्य मार्ग स्थित दिग्घीपर मोड़ के पास की है।घटना के संबंध में रहुई थानाध्यक्ष ललित विजय ने बताया कि सूचना मिलते ही पुलिस टीम मौके पर पहुंच गई थी। आरोपी ड्राइवर को हिरासत में लिया गया है। शव को पोस्टमार्टम के लिए भेजा गया है। घायल को इलाज के लिए अस्पताल में एडमिट कराया गया है। मृतक की पहचान हो गई है। मामले में अग्रिम कार्रवाई की जा रही है। वही आक्रोशित परिजनों ने ग्रामीणों के सहयोग से थाना परिसर पहुंचकर मुआवजे की मांग को लेकर घंटे देर तक अड़े रहे।







# समाज कल्याण मंत्री श्वेता गुप्ता पहुंची नालंदा

## कार्यकर्ताओं ने किया मूसलाधार बारिश में गर्मजोशी से स्वागत

**केशववाणी शंकर कुमार की रिपोर्ट बिहारशरीफ (नालंदा)।** बिहार शरीफ के समाज कल्याण मंत्री श्वेता गुप्ता बिहार शरीफ के पचासा ज़ीरो माइल रोड पास जिला प्रभारी मंत्री शेखपुरा , से भेंट मुलाक़ात करने के शेखपुरा जाने के क्रम में वैश्य समाज के लोगों ने उनका किया भव्य अभिनंदन। दिनेश कुमार केसरिया प्रदेश सचिव राष्ट्रीय सुढी समाज, और बबलू गुप्ता ने बिहार समाज कल्याण मंत्री श्वेता गुप्ता को बौद्ध स्मृति प्रतीक चिन्ह और अंग वस्त्र देकर उनका भव्य स्वागत किया।

इस अवसर पर जहां समाज कल्याण मंत्री श्वेता गुप्ता ने कहा कि इस भारी बारिश में जहां इस तरह सूढी वैश्य समाज के लोगों ने उनका स्वागत और आशीर्वाद दिया , जिससे हम उनको तहे दिल से धन्यवाद करती हैं । साथ में उन्होंने कहा कि इस अवसर पर आप का कोई भी सामाजिक कार्य में कोई परेशानी हो तो मुझे आप बेहिचक अपना दिक्कत बताए, हम आप की कार्य पूरा करने का प्रयास करेंगे।



इस अवसर पर दिनेश कुमार केसरिया , प्रदेश सचिव राष्ट्रीय सूढी समाज, सुदीश कुमार जिला अध्यक्ष राष्ट्रीय सुढी समाज, रवि शंकर कुमार बबलू गुप्ता कोषाध्यक्ष बिहार शरीफ महानगर सुढी वैश्य समाज, अमित कुमार सचिव, किशोरी लाल गुप्ता, राजेश कुमार अध्यक्ष हरनौत, राजकुमार जी, कन्हैया लाल, सुमित कुमार, प्रभाकर प्रसाद, हरिवंश प्रसाद, राजकुमार प्रसाद, सुनील कुमार, मनीष कुमार गुप्ता, शिव शंकर प्रसाद टुन्नू जी इत्यादि लोग उपस्थित थे।

# महिला ने मारपीट, प्रताड़ना व जेवरात छीनने का लगाया आरोप

**केशववाणी राकेश कुमार की रिपोर्ट हरनौत (नालंदा)।** हरनौत प्रखंड के सरथा गांव के एक पीड़ीता ने अपने पति समेत अन्य पर मारपीट, प्रताड़ना ,घर से निकालने और दहेज़ प्रथा का आरोप लगाया। जानकारी के अनुसार उक्त गांव के निवासी निरंजन कुमार के पुत्री करिश्मा शर्मा की शादी परवलपुर बाजार के निवासी रामदेव ठाकुर के पुत्र सुजीत कुमार नामक युवक से हिन्दु रीति रिवाज के रूप में बीते तीन वर्ष पहले हुई थी।उस समय पांच लाख रुपए,चार भर सोना, फर्नीचर वर्तन सहित अन्य सामान उपहार के रूप में दिया।दोनों करीब दो साल तक साथ रहे।इसके बाद मोटरसाइकिल कि मांग ससुराल पक्ष वाले करने लगे यहां तक घर से भी निकाल दिया।फिर अपने मामा रामभजन शर्मा ( परबलपुर) को सुचना दी। जिसके बाद मायके वाले रामभजन शर्मा ने जानकारी दी। ससुराल वालों को समझाया बुझाया फिर रखने के लिए राज़ी हुए। लेकिन पांच महिने बाद ससुराल वालों फिर मांग करने लगे।घर से पुनः निकाल दिया।फिर मायके पक्ष वाले समझाने बुझाने के लिए उनको भी गाली–गलौज करते हुए मारपीट पर उतारू हो गए। ससुराल वालों ने धमकी दिया कि तुम्हारे बेटी को नहीं रखेंगे। लगातार प्रताड़ना से तंग आकर करिश्मा शर्मा ने पूरे मामले की लिखित शिकायत कर कार्रवाई की मांग बिहारशरीफ स्थित महिला थाना के प्रभारी से की है। उन्होंने अपने पति सुजीत,ससुर रामदेव ठाकुर,सास गीता देवी,ननद सोनल एवं अंशू कुमारी पर बुरी तरह से मारपीट करने, दहेज कि मांग करने,सोने के जेवरात छीन लेने व घर से निकालने का आरोप लगाया है।पुलिस आवेदन के आधार पर मामले की जांच में जुट गयी है।

# मलमास मेला में श्रद्धालुओं की सेवा में जुटे आपदा मित्र

## दिव्यांग और वृद्ध श्रद्धालुओं को व्हीलचेयर से पहुंचाई जा रही सहायता




**केशववाणी शंकर कुमार की रिपोर्ट बिहारशरीफ (नालंदा)।** मलमास मेला के शुभ अवसर पर राजगीर स्थित ब्रह्मकुंड में आने वाले दिव्यांगजन, वृद्ध महिला एवं पुरुष श्रद्धालुओं की सुविधा के लिए विशेष व्यवस्था की गई है। जिला प्रशासन के निर्देश पर आपदा मित्रों द्वारा व्हीलचेयर के माध्यम से श्रद्धालुओं को नियमित रूप से सहायता प्रदान की जा रही है। मेला क्षेत्र में तैनात आपदा मित्र पूरी निष्ठा और समर्पण के साथ श्रद्धालुओं की सेवा में जुटे हैं। ब्रह्मकुंड पहुंचने वाले बुजुर्ग और दिव्यांग श्रद्धालुओं को सुरक्षित तरीके से स्नान स्थल तक पहुंचाने एवं वापस लाने का कार्य लगातार किया जा रहा है।जिला प्रशासन नालंदा द्वारा प्रतिनियुक्त पदाधिकारी एवं कर्मी भी मेले में श्रद्धालुओं की सुविधा और सुरक्षा को लेकर लगातार सक्रिय हैं। प्रशासन का कहना है कि श्रद्धालुओं को किसी प्रकार की परेशानी न हो, इसके लिए सभी आवश्यक व्यवस्थाएं की गई हैं। श्रद्धालुओं ने भी प्रशासनबऔर आपदा मित्रों की इस सेवा भावना की सराहना करते हुए कहा कि इस व्यवस्था से उन्हें काफी सहूलियत मिल रही है।

# विभिन्न मांगों को लेकर जिलाधिकारी नालंदा के समक्ष एक दिवसीय धरना दिया गया

**केशववाणी प्रेम सिंघानिया की रिपोर्ट बिहारशरीफ (नालंदा)।** बिहारशरीफ स्थित अस्पताल चौक पर जन कल्याण संघ श्एक आवाजश की ओर से एक दिवसीय धरना दिया गया। इस धारणा का अतिपिछड़ा/ दलित/ अल्पसंख्यक संघर्ष मोर्चा एवं आम जनता पार्टी श्इंडियाश ने भी समर्थन किया। इस धारणा को संबोधित करते हुए अतिपिछड़ा/ दलित/ अल्पसंख्यक संघर्ष मोर्चा के राष्ट्रीय अध्यक्ष रामदेव चौधरी एवं आम आदमी पार्टी श्इंडियाश के राष्ट्रीय सचिव सम्राट रंजीत चौधरी ने संयुक्त रूप से कहा कि मौजा मे. धीनगमा के अंतर्गत थाना नंबर 319 खाता संख्या 842, 807 खेसरा नंबर 5387, 5390 अराजी 13 डेसिमल व 4 डिसमिल का नापी सरकारी अमीन इंजीनियर कुंदन कुमार द्वारा कराकर जा रहा था इसी बीच सहदेव प्रसाद, कुमार अखिलेश प्रसाद उर्फ लक्ष्मण प्रसाद, वूट्टा महतो अपने पुत्र सहित 20 से 25 आदमी के साथ आया और जमीन नापी करने से रोका और रंजीत कुमार चौधरी के साथ मारपीट कर जख्मी कर दिया जख्मी होने पर सदर अस्पताल बिहारशरीफ में




इलाज कराने के उपरांत दीपनगर थाना में 280/26 मुकदमा दर्ज कराया गया। इस मुकदमे से बचने के लिए विपक्षी पार्टी ने भी दीपनगर थाना में झूठा मुकदमा 278/26 दर्ज कराया। धरना स्थल से पैदल मार्च करते हुए सहणालय पहुंचकर मांगो से संबंधित एक ज्ञापन जिला अधिकारी नालंदा को दिया गया।मौज मेधीनगमा के अंतर्गत थाना नंबर 319 खाता संख्या 842, 807 खेसरा नंबर 5387, 5390 आराजी 13 डेसिमल व 4 डिसमिल का नापी कराकर दखल कब्जा कराया जाए। दीपनगर थाना में दर्ज झूठा मुकदमा 278/26 वापस लिया जाए। धरना में वीरेंद्र पासवान सुजीत मांझी सीता देवी दौलती देवी करी देवी आशा देवी मिनकी देवी झूम्मा देवी खुशबू कुमारी संजू देवी रेखा देवी आदि सैकड़ो की संख्या में महिला पुरुष शामिल थे।

# ब्रह्मकुंड में गिरे ₹2400 लौटाकर आपदा मित्रों ने दिखाई ईमानदारी

## नियंत्रण कक्ष की तत्परता से श्रद्धालु को वापस मिली खोई रकम



**केशववाणी शंकर कुमार की रिपोर्ट बिहारशरीफ (नालंदा)।** मलमास मेला के दौरान गुरुवार की सुबह ब्रह्मकुंड में स्नान कर रहे पटना निवासी नितीश कुमार मिश्रा के ₹2400 अचानक गिर गए। काफी खोजबीन के बाद भी राशि नहीं मिलने पर वे परेशान हो गए। इसी बीच ड्यूटी पर तैनात आपदा मित्रों को उक्त राशि मिली। आपदा मित्रों ने ईम. ानदारी और जिम्मेदारी का परिचय देते हुए तुरंत पैसे को सुरक्षित रूप से नियंत्रण कक्ष में जमा करा दिया। इसके बाद नियंत्रण कक्ष के वरीय पदाधिकारियों द्वारा आवश्यक जांच एवं सत्यापन की प्रक्रिया पूरी की गई। सत्यापन के उपरांत राशि उसके वास्तविक स्वामी नितीश कुमार मिश्रा को सौंप दी गई।अपनी खोई हुई रकम वापस मिलने के बाद नितीश कुमार मिश्रा ने आपदा मित्रों और नियंत्रण कक्ष के पदाधिकारियों की जमकर सराहना की। उन्होंने कहा कि इस तरह की ईमानदारी और जनसेवा की भावना समाज के लिए प्रेरणादायक है। मलमास मेला में श्रद्धालुओं की सुविधा और सुरक्षा को लेकर जिला प्रशासन एवं आपदा मित्र लगातार सक्रिय भूमिका निभा रहे हैं। प्रशासन की ओर से मेले में सेवा और सहायता व्यवस्था को और बेहतर बनाने का प्रयास जारी है।

भारत के टॉप प्राईवेट यूनिवर्सिटी में शिक्षा के लिए करें आवेदन
अपने करियर को दे नई उड़ान......
1. यूजीसी द्वारा मान्यता प्राप्त
2. बिहार स्टूडेंट क्रेडिट कार्ड की सुविधा उपलब्ध
ENGINEERING | MEDICAL | MANAGEMENT | B.Ed
PHARMACY | AGRICULTURE | B.Sc NURSSING
COMPUTER APPLICATION | B.Sc, B.Com, B.A. M.Sc.
M.Com, M.A., PHd
& OTHER COURSES
आवेदन के लिए संपर्क करें
अमर वर्मा
संपर्क :- 8210335159
ग्राम देवधा निकट पावापुरी रोड, स्टेशन, बिहार शरीफ (नालन्दा)

BP
Shri Sai
Mob:- 7033325120
Brotherhood Properties Pvt Ltd
जमीन | मकान | दुकान | खरीद | बिक्री | निवेश | किराया
Pillar no-26, Ranchi Road Bihar Sharif Naanda 803101

अपने क्षेत्र के खबर भेजने या विज्ञापन देने के लिए संपर्क करें
7033325120,9931609015